RNI. NO. MPHIN/2012/ 47974

# बुरहानपुर की आवाज़

संपादक - उमेश जंगाले

22 जून 2022 | वर्ष- 10 | अंक- 55 | मुल्य 3 रु.

# नेपालिमिटेड कंपनी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

नेपानगर। नेपा के कागज कारखाना नेपालिमिटेड कंपनी द्वारा नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर सामूहिक रूप से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू स्टेडियम में प्रातः **5.30** बजे से नेपालिमिटेड सहित समस्त शासकीय विभाग, स्कूल, कॉलेज सहित आमजन ने योग दिवस पर विभिन्न प्रकार के आसान किये। नेपालिमिटेड के सिविल इंजीनियर राम स्वरूप रघुवंशी द्वारा नेहरू स्टेडियम पर अपने मार्गदर्शन में बनवाई गई नेपालिमिटेड के सिम्बोल और अमृत महोत्सव के सिम्बोल की आकृति पर आमजन ने खड़े होकर मानव श्रंखला बना कर निखारा जो कि स्टेडियम पर आकर्षण का केंद्र बना रहा है।



दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 22-06-2022

# नेपा लिमिटेड और अमृत महोत्सव सिंबॉल की आकृति बनाई, पीएम, सीएम का उद्बोधन सुना




भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा लिमिटेड द्वारा नेहरू स्टेडियम पर चल रहे सात दिनी योग शिविर का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समापन किया गया। 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू स्टेडियम में सुबह 5.30 बजे नेपा लिमिटेड सहित सभी विभागों के अफसर-कर्मचारी, स्कूल परिवार और आमजन ने पहुंचकर योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का उद्बोधन भी सुना। सिविल इंजीनियर रामस्वरूप रघुवंशी और टीम द्वारा नेहरू स्टेडियम पर नेपा लिमिटेड और अमृत महोत्सव के सिंबोल की आकृति बनाई गई। यह सभी के आकर्षण का केंद्र रही। नेपा लिमिटेड द्वारा सभी को टी-शर्ट भेंट की गई। इस दौरान नेपा मिल अध्यक्ष कोमोडोर सौरव देव, एसडीएम ज्योति शर्मा, नपा सीएमओ राजेश मिश्रा सहित अन्य अफसर-कर्मचारी, विद्यार्थी और गणमान्यजन मौजूद थे।

### नेहरु स्टेडियम पर उत्साह से संपन्न हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# नगर वासियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नेपा लिमिटेड का लोगों को दी एकता की मिसाल






## सात दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नेपानगर

नगर के नेहरु स्टेडियम पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के साथ समापन हुआ। 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेपानगर के नेहरू स्टेडियम में भारी संख्या में युवाओं के साथ महिलाओं एवं बुजुर्ग उपस्थित हुए। इस दौरान मनान श्रृंखला से नेपा लिमिटेड का लोगों बनाकर एकता की मिसाल दी। स्टेडियम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा।

नेपा लिमिटेड के तत्वाधान में 15 जून आयोजित हो रहे योग दिवस के इस कार्यक्रम में योग प्रेमियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नेपा लिमिटेड का नाम और सिंबल नेहरू स्टेडियम के धरातल पर उकेरा गया। शिविर में नगर के महिला, पुरुष, स्कूली छात्र-छात्राओं सहित गणमान्यजनों ने शामिल होकर रोजाना सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए प्रशिक्षक राजेश सविता एवं अजय वानखेड़े से योग सीखा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजेश चौहान, नेपा लिमिटेड सीएमडी सौरभ देव, एसडीएम ज्योति शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मिश्रा सहित कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों ने भी सामुहिक रूप योग शिविर में उपस्थित होकर योग किया।

**मन को शांत और शरीर को निरोगी बनाता है योग**

प्रशिक्षकों ने बताया योग साधना शरीर के विकार को दूर करता है साथ ही हमारे मनो स्थिति को भी सरल बनाता है। योग से शरीर में फर्ती आती है जो निरोगी रखने में महत्ती भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया आज के समय में शरीर को फुर्तिला रखने के लिए योग ही सबसे बेहतर एवं उत्तर साधन है। खासकर बच्चे और बुजूर्गों के लिए शरीर का विशेष ध्यान रखने वाली बात होती है। बच्चों को पढ़ाई में तेज होने के लिए मस्तिष्क और वृद्धजनों को स्वास्थ्य में किसी प्रकार की बिमारी ना हो इसके लिए योग साधना जरुर करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान नेपा लिमिटेड सीएमडी सौरभ देव ने यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है इसे हमारी जीवन शैली में लाना होगा जिससे शरीर स्वस्थ्य और निरोगी रहे। सबके साथ मिल जुलकर रहे। एसडीएम व अन्य ने भी संबोधित किया।

# नेपालिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कराया भव्य योगा, नेपालिमिटेड की आकृति रही आकर्षण का केंद्र....

- June 21, 2022



**शहज़ाद अली, नेपानगर** - नेपानगर की नेपालिमिटेड कंपनी द्वारा नेहरू स्टेडियम पर सात दिवस से चल रहे योग शिविर का अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन कर समापन किया गया। 8वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू स्टेडियम में प्रातः 5.30 बजे से योगा प्रशिक्षक राजेश कुमार सविता द्वारा एक सप्ताह तक करवाया गया जहाँ समापन पर नेपालिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित समस्त विभाग, स्कूल एवं आमजन ने आकर योग दिवस पर निम्न आसन कर योगा में शामिल हुए जिस पर योगा के साथ प्रधाममंत्री और मुख्यमंत्री का उद्धबोधन भी सुना। योग में अध्यक्ष कोमोडोर सौरव देब, एसडीएम ज्योति शर्मा, सीएमओ राजेश मिश्रा, अजय गोयल, विकास गौर, रविन्द्र शिवहरे सहित अन्य ने योगा में भाग लिया।




वही नेपालिमिटेड द्वारा योगा में भाग लेने वाले आमजन को टीशर्ट एवं स्वल्पहार की व्यवस्था करवाई गईं साथ ही नेपालिमिटेड के सिविल इंजीनियर राम स्वरूप रघुवंशी द्वारा नेहरू स्टेडियम पर अपने मार्गदर्शन में बनवाई गई नेपालिमिटेड और 75वे अमृत महोत्सव के सिम्बोल की आकृति पर आमजन ने खड़ा होकर निखारा जो कि स्टेडियम पर आकर्षण का केंद्र रही है। ड्रोन की मदद से ली गई आकृति की तश्वीर सभी जगह वायरल हो रही है।

# रंगोली के साथ योग दिवस पर बनायी मानव श्रृंखला




**नेपानगर।** योग जीवन की शैली का आधार है, इसे एक दिन नहीं बल्की रोजाना अपने जीवन शैली में उपयोग करना है। नगर के नेहरु स्टेडियम 8 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया गया। रंगाली के साथ सैकड़ों नागरिकों ने शामिल होकर नेपा लिमिटेड लोगो और कंपनी के नाम की मानव श्रृंखला भी बनाई। जो कि एक मनमोहक दृष्य रहा, यहा मानव श्रृंखला के माध्यम से एकता की मिसाल रही। स्टेडियम पर उपस्थित सभी लोग इसका हिस्सा बने।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर नेपा लिमिटेड ने 15 जून से स्टेडियम पर योग शिविर का आयोजन किया था। जिसका मंगलवार को उत्साह पूर्वक समापन हुआ। इस समापन कार्यक्रम के पूर्व स्टेडियम पर की सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम शिवराजसिंह चौहान के कार्यक्रम का उद्बोधन का सीधा प्रसारण हुआ। इसके पश्चात नेपा लिमिटेड सीएमडी सौरभ देव, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश चौहान, एसडीएम %योति शर्मा ने भी योग शिविर में शामिल होकर योग का आभ्यास किया। सीएमडी ने कहा यह एक रोज का कार्यक्रम नहीं है। इसे अपनी जीवन शैली में भी उतारना होगा। योग हमारे शरीर को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। मन की शांति होती है। एसडीएम %योति शर्मा ने कहा इस योग को हमें अपनी आने वाली जनरेशन को भी सौपना होगा। इस व्यस्ततम जीवन में लोग अपनी पूर्व की परंपराओं से अब दूर हो रहे हैं। इसके अलावा अन्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## नागरिकों ने बनाया नेपा लिमिटेड का मोनो

स्टेडियम पर खासत बात यही कि यहां योग के लिए आने वाले सैकड़ों लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई। इसमें करीब एक हजार से अधिक नगरवासी शामिल हुए। इसमें सभी ने नेपा लिमिटेड का मोनों का एक अनोखा चित्रण प्रस्तुत करते हुए मोनो बनाया। जिसमें कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी और शिक्षक, नगर के नागरिकों ने उत्साह दिखाया।

# मानव श्रृंखला से बनाया नेपा लि. का लोगो

नेपानगर। नगर के नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसमें कंपनी के सीएमडी सौरभ देव, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश चौहान, एसडीएम ज्योति शर्मा और नगर पालिका सीएमओ राजेश मिश्रा सहित शासकीय और गैर शासकीय संस्थानों के कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। नेहरु स्टेडियम में 15 जून से योग शिविर का आयोजन चल रहा था। जिसका अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समापन किया गया। कंपनी के सीएमडी ने नागरिकों से कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग से अच्छा और कुछ नहीं है। यह मानसिक और शारीरिक तनाव को कम करता है। इसका सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि घर पर भी नियमित अभयस करें। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी देखा व सुना गया। योग शिविर के समापन पर स्टेडियम में उपस्थित नागरिकों द्वारा नेपा लिमिटेड लिखकर मनाव श्रृंखला से कंपनी का लोगो भी बनाया। जिसमें सैकडों लोग शामिल हुए।